### मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने खोला लूट का बाजार

# सरकारी वेतन, प्राइवेट प्रैक्टिस और दलालों का जाल!

#### साहब की कुर्सी पर एजेंटों का पहरा, नर्सिंग होम में कट रही मरीजों की जेब

**शहडोल। संभागीय मुख्यालय का स्वास्थ्य सिस्टम इन दिनों वेंटिलेटर पर है। सरकारी अस्पतालों में गरीब मरीजों के बेहतर इलाज का दम भरने वाली सरकार की मंशा पर यहाँ के धनकुबेर डॉक्टर पानी फेर रहे हैं। मेडिकल कॉलेज से लेकर जिला अस्पताल तक, सरकारी डॉक्टरों ने अपनी सेवा शर्तों को ठेंगे पर रख दिया है। पहले जो काम चोरी-छिपे होता था, अब वह खुलेआम नर्सिंग होम माफिया के साथ मिलकर एक संगठित अपराध का रूप ले चुका है। स्थिति यह है कि जिले के अधिकांश निजी अस्पताल सरकारी डॉक्टरों के रहमोकरम पर ही फल-फूल रहे हैं।**

#### सरकारी अस्पताल महज मछली पकड़ने का अड्डा

जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज अब इलाज के केंद्र नहीं, बल्कि निजी अस्पतालों के लिए कस्टमर ढूंढने का अड्डा बन गए हैं। डॉक्टरों ने यहाँ बकायदा एजेंट और प्राइवेट एम्बुलेंस का जाल बिछा रखा है। जैसे ही कोई गंभीर या मध्यम वर्गीय मरीज अस्पताल पहुंचता है, ये सफेदपोश डॉक्टर और उनके पालतू एजेंट सक्रिय हो जाते हैं। सरकारी सुविधा में खामियां गिनाकर और बेहतर इलाज का डर दिखाकर मरीजों को सीधे निजी नर्सिंग होम में शिफ्ट कर दिया जाता है। ताज्जुब की बात यह है कि सरकारी डॉक्टर ऑपरेशन थिएटर में हाथ आजमाने के बजाय नर्सिंग होम के केबिन में बैठकर अपनी जेब गरम करने में ज्यादा दिलचस्पी ले रहे हैं।




#### मालिक डॉक्टर, नाम किसी और का

सूत्रों की मानें तो शहडोल के कई आलीशान निजी अस्पताल और नर्सिंग होम सीधे तौर पर सरकारी डॉक्टरों के ही हैं। चूंकि सरकारी सेवा में रहते हुए वे खुद के नाम पर अस्पताल नहीं चला सकते, इसलिए उन्होंने अपने परिजनों या भरोसेमंद प्यादों के नाम पर रजिस्ट्रेशन करा रखा है। यहां ओपीडी से लेकर मेजर ऑपरेशन तक सब कुछ सरकारी डॉक्टर ही संभाल रहे हैं। यह सिर्फ अनुशासनहीनता नहीं, बल्कि शासन के साथ सीधे तौर पर की जा रही धोखाधड़ी है।

#### सीएमएचओ की कागजी सख्ती

बीते वर्षों में तत्कालीन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बड़े ताम-झाम के साथ प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टरों की सूची मांगी थी। शहर में चर्चा थी कि अब गाज गिरेगी, लेकिन ढाक के वही तीन पात, वह सूची कहां गई, किसकी फाइल दबी और किसने मैनेज किया, यह आज भी रहस्य बना हुआ है। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की यह चुप्पी इस बात का प्रमाण है कि इस खूनी खेल में ऊपर से लेकर नीचे तक सबकी रजामंदी शामिल है। क्या साहब की फाइलें सिर्फ डराने और उगाही करने के लिए खुलती हैं?

विशेषज्ञों की फौज... लेकिन सब प्राइवेट में व्यस्त! शहडोल मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल में अस्थि रोग, सर्जन, फिजीशियन और स्त्री रोग विशेषज्ञों की लंबी फौज है। इनमें से कई संविदा पर हैं तो कई नियमित, लेकिन आप इन्हें अस्पताल की वार्डों में ढूंढने निकलेंगे तो निराशा हाथ लगेगी। ये साहबान या तो अपनी निजी क्लीनिक में मरीज रूपी नोट गिनते मिलेंगे या किसी महंगे नर्सिंग होम में सेवा देते नजर आएंगे। आलम यह है कि सरकारी अस्पतालों में तैनात ये डॉक्टर केवल अपनी हाजिरी पक्की करने आते हैं ताकि सरकारी वेतन सुरक्षित रहे, बाकी पूरा समय निजी प्रैक्टिस को समर्पित है।

#### अस्पताल के गलियारों में सौदा

मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल के गलियारों में घूमते संदिग्ध चेहरे दरअसल डॉक्टरों के कमीशन एजेंट हैं। इन एजेंटों को बकायदा डॉक्टरों की तरफ से वेतन और प्रति मरीज कमीशन दिया जाता है। इनका काम मरीजों को बहलाना, प्राइवेट पर्चियां थमाना और संबंधित डॉक्टर के नर्सिंग होम तक सुरक्षित पहुंचाना है। इस प्रक्रिया में गरीब मरीज अपनी जमीन-जेवर गिरवी रखकर निजी अस्पतालों का बिल भरता है, जबकि डॉक्टर और एजेंट अपनी तिजोरियां भर रहे हैं। शहडोल की जनता अब इस दोहरी लूट से तंग आ चुकी है। एक तरफ बीमारी की मार और दूसरी तरफ मसीहा बने इन लुटेरों का वार। अगर प्रशासन ने जल्द ही इन सफेदपोशों पर नकेल नहीं कसी, तो वह दिन दूर नहीं जब सरकारी अस्पतालों के ताले निजी नर्सिंग होम की चाबियों से खुलेंगे।

## खबर संक्षेप

### बालिका संप्रेक्षण गृह एवं अशासकीय शिवालय शिशु गृह का किया गया त्रैमासिक निरीक्षण



**शहडोल।** किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धरा 54 के तहत गठित जिला स्तरीय निरीक्षण समिति के सदस्यों द्वारा शासकीय बालिका संप्रेक्षण गृह एवं अशासकीय शिवालय शिशु गृह शहडोल का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया है। संस्था में निवासरत बच्चों को शासन के नियमानुसार मिल रही मलभूत सुविधाओं के साथ-साथ बच्चों के स्वास्थ्य,पोषण एवं शिक्षा संबंधी जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान समिति के अध्यक्ष एवं अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, सदस्य अभिषेक चौकसे, श्रीमती राखी शर्मा, श्रीमती पुष्पा द्विवेदी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी अखिलेश मिश्रा एवं सहायक संचालक महिला बाल विकास श्रीमती संजीता भगत उपस्थित रहे।

### कमिश्नर ने लालपुर हेलीपैड का किया निरीक्षण



**शहडोल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 8 फरवरी को प्रस्तावित कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने हेलीपैड लालपुर का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती अमृता गर्ग मौजूद रही।

### विधायक ने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए अधिकारियों की ली बैठक



**शहडोल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 8 फरवरी को जयसिंहनगर के ग्राम गांधिया में प्रस्तावित कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए विधायक शरद कोल ने जनपद पंचायत जयसिंहनगर के सभागार में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में तैयारियों एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापति, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री काजोल सिंह सीईओ जनपद पंचायत श्रीमती शिवानी जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**शहडोल।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शहडोल के.एन.सिंह के मार्गदर्शन में वर्ष 2026 की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को जिला न्यायालय शहडोल एवं सिविल न्यायालय ब्यौहारी, बुढ़ार तथा जयसिंहनगर में किया जाएगा।

उक्त नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, सिविल प्रकरणों, चेक बाउन्स के प्रकरणों, पारिवारिक एवं वैवाहिक प्रकरणों, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों, बैंक एवं वित्तीय संस्थानों के प्रीलिटिगेशन प्रकरणों आदि का निराकरण किया जायेगा। जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते ने बताया कि नेशनल लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण होने पर संपूर्ण कोर्ट फीस की वापसी हो जाती है तथा विवाद हमेशा के लिए समाप्त हो जाता है। नगरपालिका के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों एवं विद्युत प्रकरणो में नियमानुसार छूट प्रदान की जाएगी।

## हाईवाल खनन कंपनी पर पक्षपात और नियमों की अनदेखी के आरोप

#### युवक को अटैक के बाद भड़का विरोध



**शहडोल।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के सोहागपुर एरिया अंतर्गत शारदा खुली खदान में हाईवाल पद्धति से कोयला खनन का कार्य कर रही आर.के. अर्थ रिसोर्सेस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी पर स्थानीय युवाओं की अनदेखी और नियमों के उल्लंघन के आरोप लगे हैं। शुक्रवार 8 फरवरी को कंपनी में कार्यरत एक युवक को माइनर अटैक आने की घटना के बाद मामला तूल पकड़ गया और बड़ी संख्या में स्थानीय बेरोजगार युवकों ने विरोध प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार, आकाश शुक्ला नामक युवक पिछले 4 से 6 महीनों से शारदा माइंस स्थित कार्यालय में माइनिंग से जुड़े कार्य में लगा हुआ था। कार्य के दौरान उसे अचानक माइनर अटैक आया, जिसके बाद उसे पहले केंद्रीय चिकित्सालय धनपुरी नंबर-3 में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर उसे बिलासपुर रेफर कर दिया गया। घटना के बाद खदान से जुड़े श्रमिकों और स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। माइनिंग से जुड़े सूत्रों का आरोप है कि आकाश शुक्ला को बिना आवश्यक औपचारिकताएं पूरी किए नौकरी पर रख लिया गया था। बताया जा रहा है कि उसका बीटीसी फॉर्म, बी-फॉर्म तथा पीएमई जैसी अनिवार्य प्रक्रियाएं पहले नहीं कराई गई थीं। घटना के बाद प्रबंधन द्वारा इन दस्तावेजों की प्रक्रिया शुरू की गई, जिसे एक बड़ी प्रशासनिक चूक माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, आकाश शुक्ला ब्लास्टिंग अधिकारी विजय शुक्ला का पुत्र बताया जा रहा है, जिसके कारण उसे सीधे नौकरी पर रखे जाने की बात सामने आई है। हालांकि कुछ लोग यह भी कह रहे हैं कि वह डिग्रीधारी है, इसलिए कुछ औपचारिकताओं की आवश्यकता नहीं समझी गई।





स्थानीय युवाओं का आरोप है कि कंपनी और कुछ अधिकारी अपने पुत्रों व रिश्तेदारों को दबाव बनाकर नौकरी दिला रहे हैं, जबकि प्रभावित क्षेत्र के योग्य और बेरोजगार युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। युवाओं ने यह भी आरोप लगाया कि नौकरी देने से पहले उनसे शपथ पत्र लिया जा रहा है, जिसमें भविष्य में किसी दुर्घटना की जिम्मेदारी स्वयं लेने और एक वर्ष के भीतर नौकरी छोडऩे पर एक लाख रुपये देने की शर्त रखी जा रही है। इसी मुद्दे को लेकर शुक्रवार को बड़ी संख्या में बेरोजगार युवक खदान क्षेत्र पहुंचे और कंपनी के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि स्थानीय युवाओं को रोजगार नहीं दिया गया तो वे घेराव और आंदोलन करेंगे, यहां तक कि भूख हड़ताल भी की जा सकती है। फिलहाल इस संबंध में अधिकारियों को ज्ञापन देने की तैयारी की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि सोहागपुर एरिया की विभिन्न खदानों में निजी कंपनियां ठेके पर काम कर रही हैं। आरोप है कि आपसी प्रतिस्पर्धा में कंपनियां कम दरों पर ठेका लेती हैं और बाद में इसका दबाव श्रमिकों और स्थानीय बेरोजगारों पर डालती हैं। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि नियमों के अनुसार नियुक्तियां हों और प्रभावित क्षेत्र के युवाओं को प्राथमिकता दी जाए।

## ट्रेनों के लिए पानी व मरम्मत सुविधा के आसार

#### शहडोल ट्रैक से गुजरेंगी महानगरीय एक्सप्रेस ट्रेनें

**शहडोल।** रेलवे मैकेनिकल विभाग की गतिविधियों को देखकर बीग्रेड दर्जा प्राप्त शहडोल स्टेशन की सुविधाओं में कल्पनातीत बढ़ोत्तरी होने के आसार नजर आते हैं। विभाग ने भुईबांध क्षेत्र को अपने विकास का केन्द्र बनाया है। जहां गुड्स शेड तो बन ही रहा है, सवा दो लाख लीटर क्षमता की पानी टंकी भी बन रही है। मैकेनिकल विभाग के सूत्रों ने बताया कि यहां वाशिंग पिट और कोचिंग कॉम्पलेक्स बनाए जाने की प्रबल संभावना है। कारण यह कि बिलासपुर से लेकर कटनी के मध्य तक ट्रेनों की धुलाई और रखरखाव की कोई व्यवस्था नहीं थी। इसकी सुविधा शुरू हो जाने से कई महानगरीय तथा लम्बी दूरी के ट्रेनों की सुविधाएं मिल सकती हैं।



#### इसलिए जरूरी है वाशिंग पिट

बताया गया कि यात्री रेल गाड़ियों की धुलाई, सफाई और यात्रियों के लिए गाड़ी के अंदर पानी की व्यवस्था का सारा इंतजाम वाशिंग पिट के माध्यम से किया जाता है। संभवतः इसी के लिए पृथक से पानी टंकी बनवाई जा रही है। पानी के लिए हर ट्रेन को सुविधा मिल सकती है उसका स्टापेज भी बढ़ सकता है।

#### कोचिंग काम्पलेक्स में रखरखाव

ट्रेनों की प्राथमिक मरम्मत और रखरखाव का कार्य कोचिंग काम्पलेक्स में किया जाएगा। इससे भी ट्रेनों को सहूलियत मिलेगी। अभी यह कार्य या तो कटनी में होता है या फिर बिलासपुर में होता है। इन सुविधाओं के अभाव में ट्रेनों की आवाजाही और स्टापेज काफी सीमित था, सुविधाओं की पूर्ति होने पर ट्रेनो की आवाजाही में बढ़ोत्तरी होगी और उनकी संख्या भी बढ़ेगी।

#### वर्षों से लटका था प्रस्ताव

सूत्रों के अनुसार वर्षों पहले बिलासपुर रेल मण्डल के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष ट्रेनों की सुविधाएं बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया था तब उन्होने यही वाशिंग पिट और कोचिंग काम्पलेक्स का अभाव बताकर बात टाल दी थी और आश्वासन दिया था कि भविष्य में शहडोल को इन सुविधाओं से जोड़ा जाएगा और फिर सुविधाएं संचालित की जाएंगी। संभवतः यूनियनों के प्रस्ताव पर अमल किया जा रहा है।

## शिक्षा के मंदिर में जाति का जहर मंजूर नहीं

**शहडोल।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा थोपे गए प्रमोशन ऑफ इक्विटी रेगुलेशन 2026 के खिलाफ शहडोल की सडक़ों पर सर्व समाज ने एकजुट होकर बगावत का बिगुल फूंक दिया है। सर्व समाज समन्वय समिति के बैनर तले जिले के प्रबुद्ध नागरिकों, शिक्षाविदों, डॉक्टरों और वकीलों ने इस नियम को काला कानून करार देते हुए स्पष्ट किया है कि समानता के नाम पर समाज को बांटने वाली किसी भी नीति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भारी संख्या में उमड़े प्रदर्शनकारियों ने कलेक्ट्रेट का घेराव किया और यूजीसी काला कानून वापस लो के गगनभेदी नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। प्रदर्शनकारियों का सीधा आरोप है कि 13 जनवरी 2026 को अधिसूचित यह विनियम उच्च शिक्षा संस्थानों में समता लाने के बजाय सामान्य वर्ग के छात्रों और शिक्षकों के खिलाफ एक हथियार की तरह इस्तेमाल किया जाएगा। ज्ञापन में कहा गया कि इस नियम के प्रावधान इतने अस्पष्ट और एकतरफा हैं कि इनका दुरुपयोग कर किसी भी अनारक्षित वर्ग के व्यक्ति को मानसिक और कानूनी रूप से प्रताड़ित किया जा सकता है। यह नियम संविधान द्वारा प्रदत्त समानता के मौलिक अधिकार की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहा है।आंदोलन का नेतृत्व कर रहे प्रकाश तिवारी, घनश्याम जायसवाल, दयाशंकर शुक्ल और बाल्मीक गौतम सहित अन्य वक्ताओं ने तीखे लहजे में कहा कि यह नीति परिसरों में असुरक्षा का माहौल पैदा करेगी। समाजसेवियों ने सवाल उठाया कि जब सुप्रीम कोर्ट पहले ही जनवरी के अंत में इन नियमों पर रोक लगा चुका है और केंद्र को पुनर्विचार के निर्देश दे चुका है, तो फिर इसे जबरन थोपने की कोशिश क्यों हो रही है।

## उपायुक्त ने छात्रों को दिया सफलता का महामंत्र



**शहडोल।** बोर्ड परीक्षाओं की दहलीज पर खड़े छात्रों के मन से परीक्षा का खौफ निकालने और उन्हें मेरिट की रेस में सबसे आगे खड़ा करने के लिए संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग जे.पी. यादव ने कमान संभाली है। सांदीपनि विद्यालय छतवई में छात्रों से सीधा संवाद करते हुए उन्होंने दो-टूक कहा कि परीक्षा जीवन का अंत नहीं, बल्कि अपनी काबिलियत साबित करने का एक अवसर है। इसे बिना डरे और बिना घबराए एक उत्सव की तरह लें।

#### रट्टा नहीं, रणनीति काम आएगी

उपायुक्त जे.पी. यादव ने छात्रों को सफलता का गणित समझाते हुए कहा कि अच्छे अंकों का रास्ता कॉपियां भरने से नहीं, बल्कि सटीक और तथ्यात्मक उत्तर लिखने से खुलता है। उन्होंने जोर दिया कि रटने के बजाय पूरे पाठ्यक्रम को समझना और उसे हल करना जरूरी है। उन्होंने सलाह दी कि छात्र अपना उत्तर दूसरों से अलग और प्रभावशाली लिखें ताकि मूल्यांकन कर्ता आपकी प्रतिभा को पहचान सके। उन्होंने टाइम मैनेजमेंट को सबसे बड़ा हथियार बताया।

#### नोट्स बनाएं, मेरिट होल्डर्स की कॉपियां देखें

सफलता के नुस्खे साझा करते हुए श्री यादव ने कहा कि विषय का गहन अध्ययन करें और खुद के नोट्स तैयार करें। कठिन सवालों को परीक्षा से पहले ही सुलझा लें। उन्होंने एक विशेष टिप्स देते हुए कहा कि छात्रों को मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं का अवलोकन करना चाहिए, जिससे यह समझ आए कि टॉपर्स आखिर लिखते कैसे हैं। उत्तरों में फॉर्मूले और डायग्राम का यथास्थान प्रयोग आपके अंकों में चार चांद लगा देता है।

#### खान-पान और मोबाइल से दूरी जरूरी

परीक्षा के दौरान होने वाले मानसिक दबाव पर प्रहार करते हुए उपायुक्त ने कहा कि छात्र पर्याप्त नींद लें, संतुलित खान-पान रखें और नकारात्मक बातों सहित मोबाइल से पूरी तरह दूरी बना लें। परीक्षा केंद्र पर आत्मविश्वास के साथ पहुंचें और अपनी चेकलिस्ट पहले ही तैयार कर लें। इस मौके पर सहायक संचालक संजय पाण्डेय ने भी छात्रों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में प्राचार्य श्रीमती अर्चना खरे सहित शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे, जिन्होंने इस सत्र के बाद परीक्षा को लेकर नया उत्साह महसूस किया।

## श्रीराम धाम में हुआ बटुकों का जनेऊ संस्कार

#### ब्राह्मण समाज एवं संस्कार समिति द्वारा श्री राम धाम सोहागपुर में भव्य आयोजन



**शहडोल।** जिला ब्राह्मण समाज एवं संस्कार समिति के सौजन्य से श्री राम जानकी मन्दिर सोहागपुर वार्ड नं. 4 में सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन किया गया जिसमें ब्राम्हण बटुकों का जनेऊ संस्कार कराया गया। आचार्य डॉ. रामकिशोर द्विवेदी शास्त्री द्वारा सहयोगी पं. यतीश के साथ वैदिक मंत्रों का उच्चारण करते हुए संस्कार संपन्न कराया गया। सामूहिक रूप से आयोजित इस कार्यक्रम में सोहागपुर क्षेत्र के नागरिकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता निभाई और महिलाओं ने श्री राम धाम पहुंचकर भिक्षादान कर पुण्यार्जन किया। कार्यक्रम में श्री राम धाम के पुजारी नरेश शुक्ला उर्फ गुड्डा महाराज, वार्ड पार्षद श्रीमती मधु गौतम, मुरली मनोहर गौतम, बालमीक शुक्ला, शिवनारायण द्विवेदी, ब्रजकिशोर द्विवेदी, मिथिलेश द्विवेदी, उमेश गौतम, ओम प्रकाश गौतम, आयोग द्विवेदी, बसंत तिवारी आदि की उपस्थिति महत्वपूर्ण रही।

## सार, अज्जू और रहीम का खूनी सिंडिकेट गिरफ्तार

**शहडोल। जिले में आस्था और श्रद्धा की केंद्र गौमाता को लेकर चल रहे विवादों के बीच एक ऐसी रूह कंपा देने वाली साजिश का पर्दाफाश हुआ है, जिसने पूरे शहडोल को हिलाकर रख दिया है। धनपुरी थाना क्षेत्र में गौवंश का शिकार कर उसका मांस बिरयानी सेंटरों और डिमांड पर घर-घर सप्लाई करने वाले एक संगठित गिरोह को पुलिस ने दबोच लिया है। यह गिरोह जंगल की आड़ में गौवंश का कत्लेआम कर मौत का कारोबार कर रहा था।**

नीलकंठ मंदिर की छांव में अधर्म का खेल शर्मनाक मंजर धनपुरी के नीलकंठ मंदिर के पीछे घनी झाड़ियों में देखने को मिला। यहां ये हैवान जंगल में चरने वाले बेसहारा गौवंश को निशाना बनाते थे। जब हिंदू संगठनों और गौरक्षकों की सूचना पर पुलिस ने दबिश दी, तो मंजर देख कलेजा मुंह को आ गया। पुलिस ने मौके से मोहम्मद अंसार अंसारी को रंगे हाथों दबोचा, जबकि मुख्य सरगना अज्जू उर्फ आयाज अंसारी अंधेरे का फायदा उठाकर भागा, जिसे बाद में घेराबंदी कर पकड़ा गया।

नेटवर्क का मास्टरमाइंड रहीम पुलिस की पूछताछ में जो सच सामने आया वह चौंकाने वाला है। पकड़ा गया तीसरा आरोपी रहीम खान इस पूरे गिरोह का सप्लाई हेड था। अंसार और अज्जू जंगल में गायों की हत्या करते थे और रहीम उस मांस को मोटरसाइकिल के जरिए शहडोल के आस-पास के बिरयानी सेंटरों और घरों तक पहुंचाता था। पुलिस ने मौके से धारदार हथियार, रस्सी और मांस के साथ तस्करी में प्रयुक्त बाइक और मोबाइल जब्त किए हैं।

पालक के आंसू और गौरक्षकों की चेतावनी इस क्रूरता के बाद गौसेवकों और हिंदू संगठनों में जबरदस्त उबाल है। अपनी गाय खोने वाले पालक का रो-रोकर बुरा हाल है, जिसकी बेगुनाह गाय को इन दरिंदों ने चंद रुपयों के लिए काट डाला। गौरक्षकों ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि इन अपराधियों पर रासुका जैसी कड़ी कार्रवाई नहीं हुई और इनके ठिकानों पर बुलडोजर नहीं चला, तो बड़ा आंदोलन होगा।



#### इनका कहना है...

सूचना के आधार पर अपराध पंजीबद्ध कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

अभिषेक दीवान
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, शहडोल

**MGM.HR. SEC. SCHOOL,**
**RAILWAY COLONY, DHANPURI (MP027)**
(Affiliated to CISCE, New Delhi)

**REQUIRED TEACHERS**

Invites application from trained and experienced candidates for the following posts.

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | Sports (Female) B.PEd/M.PEd | 5 | Hindi PGT (MA Hindi, B.Ed) |
| 2 | Physics PGT (M.Sc, B.Ed) | 6 | Art & Craft (BFA) |
| 3 | Economics PGT (MA Eco/M.Com, B.Ed) | 7 | Music (Female) (BA/MA Music) |
| 4 | Counselor (Dip. in counseling, BA/MA Psychology) | 8 | Primary teacher (Female) all subjects |

*Note: Candidates applying must have good communication, writing skill and must be fluent in English.*

Apply with full details to:-

Principal, MGM HS School, Railway Colony, Dhanpuri, 484114 or Email to mgmschl.dnp@gmail.com or Whats App to Mobile Number 6266388720on or before with 15th February 2026.

## खबर संक्षेप

### सरकारी जमीन से कब्जा हटाने नहीं हो रही कार्यवाही

**सिलौंडी।** सिलौंडी से समीपवर्ती ग्राम पंचायत नेगाई में राजस्व विभाग की लगभग सैकड़ों एकड़ भूमि शासकीय रिकार्ड में दर्ज है जिसमें चरनोई की भी शामिल है। सरकारी भूमि में ग्राम के दबंग लोगो द्वारा कब्जा कर कृषि कार्य किया जा रहा है। अनेक बार उच्च अधिकारियों द्वारा अतिक्रमण अलग कराने निरीक्षण भी कर लिया। अभी वर्तमान में सरकारी धान खरीदी स्थल पर भी ग्राम के दबंग लोग ने कब्जा कर लिया है। नेगाई के लोगों ने श्री वीरासन मंदिर में हुई कलेक्टर जनसुनवाई और जिला स्तर कटनी में कलेक्टर जन सुनवाई में भी सरकारी भूमि से अतिक्रमण अलग कर आवारा पशु की व्यवस्था करने की मांग की थी परंतु अभी तक प्रशासन ने कोई भी कार्यवाही नही की है। सरकारी भूमि में ग्रामीणों ने गौशाला, कृषि उपज मण्डी, बस स्टैंड, नर्सरी बनाने की मांग है।

### अवैध परिवहन पर हाईवा किया गया जब्त

**कटनी।** कैमोर क्षेत्र में बीती देर रात खनिज विभाग की टीम ने अमरैया पार क्षेत्र में अवैध रूप से लेटराइट का परिवहन कर रहे एक हाईवा को पकड़ा।द खनिज विभाग को लंबे समय से अमरैया पार इलाके में लेटराइट के अवैध उत्खनन और परिवहन की शिकायतें मिल रही थीं। सूचना की तस्दीक करते हुए विभाग की टीम ने रात के अंधेरे में घेराबंदी की। इस दौरान एक हाईवा को रोका गया, जिसमें अवैध रूप से लेटराइट लोड था और चालक परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। खनिज विभाग की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए वाहन को जब्त कर लिया। जब्त किए गए हाईवा को कैमोर थाने ले जाया गया है, जहाँ उसे पुलिस की सुपुर्दगी में खड़ा कराया गया है। संबंधित विभाग अब वाहन मालिक और इसमें संलिप्त अन्य लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की तैयारी कर रहा है।

### आदतन अपराधी को 5 माह तक थाना में देनी होगी हाजिरी

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने हिरवारा थाना एनकेजे निवासी अजय उर्फ अज्जू बर्मन पिता काशी प्रसाद 35 वर्ष के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए आगामी 5 माह की अवधि तक प्रतिमाह की 1 और 16 तारीख को पुलिस थाना एनकेजे में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की है। अजय बर्मन के विरूद्ध वर्ष 2009 से अगस्त 2025 तक कुल 14 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। जिनमें गाली-गलौज करना, जातिगत शब्दों से अपमानित करना, मारपीट करना, जान से मारने की धमकी देना, एवं जुआं खेलने जैसे अपराध शामिल है। पुलिस द्वारा अजय के विरूद्ध कई बार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। परंतु, आदतन अपराधी के आचरण-व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने के कारण जिला दण्डाधिकारी ने आदतन अपराधी के प्रवृत्ति पर नियंत्रण लगाने के लिए रासुका के तहत कार्रवाई की गई है।

# बुढार: नेशनल हाईवे पर अज्ञात तत्वों ने दुकान में लगाई आग, हजारों का सामान जलकर खाक

**बुढार।** नेशनल हाईवे स्थित मारुति नंदन पेट्रोल पंप के समीप बीती रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां अज्ञात शरारती तत्वों ने एक चाय-नाश्ते की दुकान को आग के हवाले कर दिया। इस आगजनी से दुकानदार को लगभग 22 हजार रुपये का भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

### देर रात दिया वारदात को अंजाम

मिली जानकारी के अनुसार, घटना 5 फरवरी की दरमियानी रात की है। जब पूरा इलाका नींद में था, तब अज्ञात व्यक्तियों ने पेट्रोल पंप के पास स्थित इस दुकान में आग लगा दी। हाईवे के किनारे स्थित होने के कारण रात के सन्नाटे में आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया।

### पुलिस की सक्रियता से टला बड़ा हादसा

घटना की सूचना मिलते ही बुढार पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पाया, जिससे आग पास स्थित अन्य दुकानों या पेट्रोल पंप तक नहीं फैल सकी। हालांकि, पुलिस के पहुंचने तक दुकान के भीतर रखा सारा कीमती सामान, फर्नीचर और खाद्य सामग्री जलकर पूरी तरह राख हो चुके थे।



### जांच में जुटी पुलिस

पीड़ित दुकानदार शिव वर्मन पिता शिवराज उम्र 38 वर्ष निवासी भूतही टोला बुढार के अनुसार, इस आगजनी में करीब 22 हजार रुपये के सामान का नुकसान हुआ है, जो उसकी आजीविका का एकमात्र साधन था। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके। स्थानीय निवासियों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि हाईवे किनारे रात के समय गश्त बढ़ाई जाए ताकि इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

# कोयलांचल में सब काला ही काला

## लापरवाही और लोभ का दंश झेल रहा गौ वंश

**धनपुरी।** पद, प्रतिष्ठा, मजबूरी, कर्तव्य निष्ठा या मक्कारी, साजिश और अवैध धन लिप्सा के चलते लोग किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी तो ले लेते हैं लेकिन उसे निभाते नहीं जिसका खामियाजा संबंधित क्षेत्र की जनता ही नहीं निरीह मूक मवेशियों को भी भुगतना पड़ता है। सोहागपुर कोयलांचल इस कटु सत्य का जीवंत प्रमाण है जहां के लोग तो लापरवाही और लोभ के दुर्योग के चलते नारकीय जीवन जीने को विवश हैं ही, आए दिन मूक मवेशियों को भी अपनी जान गंवानी पड़ रही है। विभागीय जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते उत्पन्न हालात के मद्देनजर दिल-दिमाग यही कह सकता है कि कोयलांचल में सब काला ही काला है। देश के औद्योगिक और आर्थिक विकास में एक बड़ी भूमिका निभाने वाले सार्वजनिक उपक्रम कोल इंडिया अंतर्गत साउथ ईस्टर्न कोल फील्ड्स लि. के सोहागपुर एरिया मुख्यालय धनपुरी नगर और संपूर्ण कोयलांचल में कानून व्यवस्था के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण दायित्वों के निर्वहन के लिये शासन द्वारा विभिन्न विभागों के अधिकारियों की तैनाती की गई है ताकि कोयला उत्पादन के साथ ही अपराध, प्रदूषण, अवांछित गतिविधियों पर नियंत्रण के साथ ही स्थानीय रहवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं मिल सकें लेकिन यह कोयलांचल का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि विभागीय जिम्मदारों ने कथित अर्थिक समीकरणों के चलते अपनी आंखों पर ऐसी पट्टी बांध रखी है कि समूचे कोयलांचल में त्राहि-त्राहि मची है जिसे देखने वाला कोई नहीं है। आलम यह है कि हर छोटा-बड़ा सिर्फ अपना उल्लू सीधा करने में जुटा है, नेता हो या अधिकारी सब के सब एक ही थैली के चट्टे-बट्टे नजर आ रहे हैं।

### भटका नगर प्रशासन

नगर विकास और जन सुविधाओं का प्रथम दायित्व नगर प्रशासन का है। धनपुरी नगर प्रशासन के बारे में कहा जाता है कि वह स्वयं भटाका हुआ और बेजा कब्जे का शिकार है। नगर सत्ता और प्रशासन को आम जन और उनकी सुविधाओं से कोई सरोकर नहीं है। नागरिक सुविधाओं और विकास कार्यों के नाम पर सिर्फ कमाई वाले कार्यों को प्राथमिकता देने वाले वाले पालिका के ओहदे दारों की लापरवाही के चलते नगर की जनता शुद्ध पेयजल, सफाई, समतल सडक़, स्ट्रीट लाइट, एक अदद बस स्टैंड जैसी बुनियादी सुविधाओं की मोहताज है और नगर सत्ता और प्रशासन में बैठे लोगों की तोंद अवैध कमाई की बदौलत महंगाई की तरह रोज बढ़ रही है।

### हफ्ते- महीने में सीमित थाना

जिला ही नहीं संभाग और पूरे प्रदेश के लोगों को ज्ञात है कि जिले में सर्वाधिक आपराधिक गतिविधियां कोयलांचल क्षेत्र में ही देखने को मिलती हैं। हालांकि शासन ने सोहागपुर कोयलांचल मुख्यालय में न सिर्फ थाना खोला बल्कि अनुविभागीय अधिकारी पुलिस यानी एसडीओपी की भी पदस्थापना भी कर दी ताकि औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण यहां अपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण स्थापित किया जा सके लेकिन वास्तव में ऐसा हुआ नहीं। जुआ, सट्टा, कोयला-कबाड़ चोरी, डीजल चोरी, पशु तस्करी, एवं अन्य सभी प्रकार के अपराध जिस तेजी के साथ बढ़े हैं उनको देखकर कोई भी यह मानने को तैयार नहीं है कि धनपुरी थाना पुलिस के लोग हफ्ता-महीना अभियान के अलावा किसी भी चीज को महत्व नहीं दे रहे हैं।

### कुंभकर्णी निद्रा में पीसीबी

प्रदूषण नियंत्रण के लिये शासन द्वारा जिले में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पीसीबी का कार्यालय स्थापित किया गया है जो शायद कागजों ही सीामि होकर रह गया है। पिछले हफ्ते अमलाई ओसीएम में जहरीला केमिकल फेंके जाने के परिणाम स्वरूप एक दर्जन से अधिक गौ वेश की तड़प-तड़प कर मौत हो गई, इसके पूर्व भी कई बार बेजुबान जानवरों को अपनी जान देनी पड़ी है लेकिन पीसीबी की कानों में जूॅ तक नहीं रेंगी। जानकार सूत्रों की मानें तो एसईसीएल सोहागपुर एरिया के अधिकारियों से सांठगांठ का ही नतीजा है कि बड़ी से बड़ी घटना हो जाने के बाद भी पीसीबी द्वारा कभी कोई कार्यवाही एसईसीएल के अधिकारियों या प्रबंधन के खिलाफ नहीं की जाती है। इसके अलावा अवैध ईट भट्ठों की भरमार, यहां तक कि पूरा का पूरा बाबूलाल फुटबॉल मैदान ईट भट्ठों की भेंट चढ़ जाने के बाद भी पीसीबी का मुंह तक नहीं खुला कार्यवाही तो दूर की बात है।

भू संरक्षण के नाम पर घोटाले

एसईसीएल द्वारा सोहागपुर कोयलांचल में बड़ी संख्या में खुली खदानों का संचालन किया जा रहा है। कोयला उत्खनन के नाम पर जंगलों का नाश कर मिटटी का जो पहाड़ खड़ा किया जाता है उसमें वृक्षारोपण कर भूमि संरक्षण का दायित्व वन विकास निगम को सोंपा गया है लेकिन संबंधित विभाग अपनी इस जिम्मेदारी से कोसों दूर नजर आ रहा है। विभागीय अधिकारी कॉलरी प्रबंधन से सेटिंग कर अपनी ही मौज में डूबे हुए हैं और जिला प्रशासन में बैठे जिम्मेदार अधिकारी भीचुप्पी साधे बैठे हैं परिणामस्वरूप पर्यावरण का सत्यानाश बदस्तूर जारी है।

### पशु तस्करी का घिनौना कारनामा

बीते दिनों गौ वंश की हत्या और गौ मांस के अवैण कारोबार से जुड़ा वीडियों बड़ी तेजी से वायरल हुआ, आरोपी पकड़ भी लिये गए। बड़े पैमाने पर विरोध भी हुआ जो होना भी चाहिए लेकिन सवाल यह उठता है कि यह कुत्सित कारोबार कब से किसके संरक्षण में चल रहा है। जानकार लोगों का मानना है कि अपराधी कितना ही शातिर या पहुंच वाला क्यों न हो पुलिस की रजामंदी या शह के बिना अपराध को अंजाम नहीं दे सकता है। पशु तस्करी जिला नहीं संभाग व्यापी समस्या है लेकिन सरेआम गौ हत्या और गौमांस के कारोबार का प्रमाण धनपुरी में मिला है जो पुलिस की भूमिका को कटधरे में ला खड़ा करता है। इस वारदात के बाद पूरे जिले के लोग आक्रोशित हैं सभी ने निंदा भी की हैं लेकिन मामले की तह तक पहुंचकर प्रभावी कार्यवाही नितांत आवश्यक है।

# जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कैशियर ने 50 - 50 ₹ के पुराने चलन वाली नोट काउंटर से बाहर फेंका

**ब्योहारी। ब्योहारी के जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में कैशियर के द्वारा 50 - 50 के पुराने चलन वाली नोट काउंटर से बाहर फेंका कर और दिव्यांग हितग्राही को अपमान करते हुए काउंटर के सामने लाईन से बाहर निकल जाओं और किनारे खड़े होकर देखों हम किसी हितग्राही से नहीं लेते।**







हितग्राही आपना अपमान सहते हुए जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के कैशियर से ये कहता रहा कि हम भी ये रूपए मार्केट से लाया हूं लेकिन कैशियर ने न पुराने चलन वाली नोट नहीं लिया और न काउंटर के पास नहीं खड़े होने दिया दिव्यांग हितग्राही को ।

हितग्राही का चूंकि खाता में होल्डर लगा था इसलिए हितग्राही अपने खाता को अपडेट के जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक ब्योहारी गया था जिसमें दिव्यांग हितग्राही बैंक अधिकारी के बाताऐं अनुसार पूरे कागज दिया था उसके बाद कैश काउंटर में जमा किया तो कैशियर बोला साथ कैश भी जमा कर दों तो दिव्यांग हितग्राही ने 50 - 50 ₹ के दो नोट यानी एक सौ रुपए जमा पर्ची भर कर जमा करने के लिए दिया कि तो कैशियर पुराने चलन कि नोट देख बखौला गया नोट के साथ जमा पर्ची व पासबुक कैश काउंटर से बाहर फेंक दिया और ये कहता रहा कि हमारे पास पुराने चलन वाली नोट नहीं ली जाती है हितग्राही कैशियर से पूछा ये नोट कि चलन बन्द हो गई है क्या आप लिख कर दे दिजियेगा तो इतने में कैशियर अन्ट सन्ट बोलते हुए कैश काउंटर के लाईन किनारे चलें जाओं और खड़े होकर देखों मैं पुराने चलन कि नोट नहीं लेता हूं और मैं पुराने चलन कि नोट नहीं लूंगा जिसको जहां शिकायत करना हो कर देना लोगों में चर्चा है जब से जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में वर्तमान कैशियर बैठा तो रोज न रोज किसी न किसी हितग्राही के साथ अच्छा व्योहार नहीं रहता है हितग्राहियों में इस कैशियर के खिलाफ असन्तोष व्याप्त है* जिला प्रशासन से अपेक्षा है कि जो व्यक्ति अनुभव वाला व्यक्ति को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक ब्योहारी में कैश काउंटर कैशियर बैठाया जाए जिससे हितग्राही में असन्तोष समाप्त हो।

# अमलाई स्टेशन के विकास को लेकर डीआरएम ने किया निरीक्षण, नपा अध्यक्ष ने दिया था मांगपत्र

**अमलाई।** नगर परिषद बरगवां अमलाई की अध्यक्ष गीता गुप्ता द्वारा दिए गए मांग पत्र के बाद दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (SECR) बिलासपुर के डीआरएम ने अमलाई रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेशन परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण में जर्जर सड़कों की मरम्मत, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था, साफ-सफाई, प्लेटफार्मों की देखरेख, यात्रियों के लिए बैठने, पानी व छाया की सुविधाओं पर चर्चा हुई। साथ ही लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग भी रखी गई। नगर परिषद अध्यक्ष गीता गुप्ता के साथ युवा भाजपा नेता अभिषेक गुप्ता एवं पार्षद मौजूद रहे।

डीआरएम ने सभी मांगों को गंभीरता से लेते हुए चरणबद्ध तरीके से सुविधाएं विकसित करने का आश्वासन दिया। नगर परिषद अध्यक्ष ने इसे क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि बताया, वहीं नगरवासियों ने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में अमलाई स्टेशन आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा।



# खेत की कंटीली तार फेसिंग में फंसा तेंदुआ ग्रामीणों में दहशत, सतर्क रहने हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विजयराघवगढ़ क्षेत्र के ग्राम दरौडी में एक तेंदुआ खेत की लोहे की फेंसिंग में फंस गया। गुरुवार सुबह जैसे ही ग्रामीणों ने तेंदुए को जाल में फंसा देखा, पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। कयास लगाये जा रहे हैं कि तेंदुआ शिकार की तलाश में या रास्ता भटक कर खेत की ओर आ गया था। यहाँ वह सुरक्षा के लिए लगाए गए लोहे के कटीले तारों में बुरी तरह उलझ गया। ग्रामीणों के अनुसार तेंदुआ तार फेसिंग से खुद को छुड़ाने की कोशिश में लहूलुहान हो गया है। कंटीली तार में फंस जाने के कारण तेंदुआ काफी आक्रामक स्थिति दिखाई दिया जिसे देखते हुए प्रशासन ने क्षेत्र में हाई अलर्ट जारी कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही विजयराघवगढ़ और बड़वारा का वन अमला तत्काल मौके पर पहुँचा। स्थिति को देखते हुए तेंदुए के चारों ओर 500 मीटर के दायरे की घेराबंदी कर दी गई है। ग्रामीणों के प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की विशेषज्ञ रेस्क्यू टीम को तुरंत सूचित किया गया है, जो तेंदुए को 'ट्रेंकुलाइज' (बेहोश) कर सुरक्षित बाहर निकालेगी। वन विभाग ने ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष गाइडलाइन जारी की है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि तेंदुआ अचानक फेंसिंग से छूट जाता है, तो वह हिंसक हमला कर सकता है। विभाग ने अपील की है कि घटनास्थल के आसपास भीड़ न लगाएं और शोर न मचाएं। खेतों और खुले इलाकों में अकेले जाने से बचें। अपने बच्चों और पालतू मवेशियों को सुरक्षित और बंद स्थानों पर रखें। रेस्क्यू टीम के आने के बाद तेंदुए को सुरक्षित निकाला गया।

## सात दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण विशेष शिविर का हुआ समापन

# रैली, नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण विशेष शिविर प्राचार्य डॉ. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह, प्रियंका तोमर एवं डॉ रश्मि त्रिपाठी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत सलैया सिहोरा में संचालित हो रहा था। शिविर समापन दिवस की पूर्व रात्रि में स्वयंसेवकों, कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्टॉफ के सदस्यों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के गीतों एवं सामूहिक नृत्य के माध्यम से कैंप फायर का भरपूर आनंद लिया। शिविर के सातवें दिन समापन कार्यक्रम आयोजित हुआ।



कार्यक्रम की शुरुआत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह द्वारा शिविर प्रतिवेदन के माध्यम से बताया गया कि स्वयंसेवको ने सात दिन तक प्रभात फेरी, योग एवं व्यायाम, श्रमदान एवं परिसर साफ सफाई, स्वच्छता, नशा मुक्ति, जैविक खेती, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, ऊर्जा साक्षरता, महिला सशक्तिकरण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल संरक्षण, बाल विवाह, साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल साक्षरता, मतदाता जागरूकता, पोषण, रक्तदान एवं एड्स जागरूकता, यातायात आदि विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम एवं रैली, नुक्कड़ नाटक, सर्वेक्षण कार्य आदि गतिविधियों में सहभागिता कर लोगों को प्रेरित करने का कार्य किया। साथ ही वंदे मातरम् एवं सरदार बल्लभ भाई पटेल जयंती के 150 वर्ष होने के अवसर पर राष्ट्रीय एकता का संदेश देने के लिए तिरंगा यात्रा भी निकाली गई।

कार्यक्रम के अगले चरण में श्री डारेश्वर पाठक, पूर्व सरपंच एवं वर्तमान उपसरपंच महेन्द्र सिंह आदि अतिथियो ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन कर समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। तथा प्राचार्य डॉ. आर. के. त्रिपाठी ने कार्यक्रम अधिकारियों को शिविर के सफल संचालन एवं समापन पर बहुत बहुत शुभकामनाएं देते हुए स्वयंसेवको को और अच्छे से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

अगले चरण में प्राचार्य एवं उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा शिविर में सहभागिता कर रहे स्वयंसेवको का उत्साहवर्धन करते हुए सभी को मेडल, पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किये गये।

कार्यक्रम अधिकारी प्रियंका तोमर ने अपने उद्बोधन में बताया कि स्वयंसेवकों द्वारा शिविर दिनचर्या के अनुसार सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन किया गया। जिसके पश्चात शिविर दलनायकों द्वारा शिविर ध्वज प्राचार्य को सौंपा गया। कार्यक्रम के अंत मे सभी के द्वारा राष्ट्रगान का गायन किया गया। कार्यक्रम का संचालन निगम, मुस्कान, सचिन, शिवानी, शिवम् आदि स्वयंसेवको एवं आभार प्रदर्शन डॉ रश्मि त्रिपाठी द्वारा किया गया।

# किसानों को आधुनिक खेती और नरवाई प्रबंधन की जानकारी देकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

किसान कल्याण वर्ष 2026 के तहत जिले के किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों और उन्नत खेती की जानकारी देने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश एवं उप संचालक कृषि श्रीमती अरुणिमा सेन के मार्गदर्शन में कृषि विभाग द्वारा कृषि रथ के माध्यम से किसानों को जागरूक किया जा रहा है।

गुरूवार को विकासखंड रीठी के गांवों में सहायक संचालक एवं नोडल अधिकारी श्री मनीष मिश्रा के नेतृत्व में 'कृषि रथ' चलाकर किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों एवं नरवाई प्रबंधन की जानकारी दी गई। कृषि अभियांत्रिकी विभाग के उपयंत्री संदीप पीपाड़ा ने किसानों को नरवाई (फसल अवशेष) प्रबंधन के लिए आधुनिक यंत्रों जैसे सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, जीरो टिलेज सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल, स्ट्रा रीपर और रीपर कम बाइंडर की तकनीकी जानकारी दी।



उपयंत्री पीपाड़ा ने बताया कि सुपर सीडर और हैप्पी सीडर जैसे यंत्र खेत की तैयारी, नरवाई प्रबंधन और बोनी जैसे तीन काम एक साथ करते हैं। इन यंत्रों के उपयोग से न केवल समय और लागत की बचत होती है, बल्कि पैदावार भी अच्छी मिलती है। उन्होंने किसानों को समझाइश दी कि नरवाई जलाने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति नष्ट होती है और वायु प्रदूषण फैलता है, जिससे बीमारियां बढ़ती हैं। नरवाई न जलाकर उसे खाद के रूप में उपयोग करना ही श्रेष्ठ है।

कार्यक्रम के दौरान किसानों को कस्टम हायरिंग, डीबीटी, यंत्रदूत ग्राम योजना, वर्मी कंपोस्ट, नाडेप और जीवामृत खाद बनाने की विधि की भी जानकारी दी गई। इस अभियान के दौरान कृषि विभाग के अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसान उपस्थित रहे।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी अनूपपुर को अवमानना नोटिस**

# हाईकोर्ट के आदेशों की धज्जियां, उद्यान की जमीन पर भवन निर्माण पड़ा भारी

अनूपपुर नगर पालिका एक बार फिर कानून के कटघरे में खड़ी नजर आ रही है। उद्यान की भूमि पर भवन निर्माण के मामले में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर ने सख्त रुख अपनाते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) प्रदीप कुमार झरिया को अवमानना नोटिस जारी किया है। आरोप है कि न्यायालय के स्पष्ट आदेशों की अनदेखी कर न सिर्फ निर्माण जारी रखा गया है, बल्कि भवन का लोकार्पण भी कर दिया गया है।

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

नगर पालिका अनूपपुर की कार्यशैली अब सीधे न्यायालय के निशाने पर आ गई है। मामला उद्यान की उस भूमि का है, जिस पर नियमों को ताक पर रखकर नगर पालिका भवन का निर्माण कराया गया है। इस पर आपत्ति दर्ज कराते हुए याचिकाकर्ता ने उच्च न्यायालय की शरण ली थी। दिनांक 28 अप्रैल 2025 को सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने स्पष्ट आदेश दिए थे कि याचिकाकर्ता के आवेदन पर 90 दिनों के भीतर कारणयुक्त आदेश पारित किया जाए। लेकिन आरोप है कि न तो निर्धारित समय-सीमा में कोई आदेश जारी किया गया और न ही निर्माण कार्य पर रोक लगाई गई।





इसके उलट, प्रशासन ने भवन का उद्घाटन कर न्यायालय के आदेशों को खुली चुनौती दे डाली। इससे आहत होकर याचिकाकर्ता ने अवमानना याचिका दायर की, जिस पर न्यायालय ने सख्ती दिखाते हुए सीएमओ को नोटिस थमा दिया है।

### उद्यान पर निर्माण, शुरू से ही विवादों में रहा मामला

नगर क्षेत्र में जिस भूमि को उद्यान के रूप में विकसित किया जाना था, उसी पर नगर पालिका द्वारा भवन निर्माण कराए जाने का मामला शुरू से ही सवालों के घेरे में रहा है। स्थानीय नागरिकों और याचिकाकर्ता ने इसे सार्वजनिक उपयोग की जमीन पर अतिक्रमण बताते हुए विरोध दर्ज कराया था। नियमों के अनुसार उद्यान भूमि पर स्थायी निर्माण प्रतिबंधित होता है, इसके बावजूद नगर पालिका ने निर्माण को आगे बढ़ाया। यही कारण रहा कि मामला न्यायालय तक पहुंचा। आरोप है कि प्रशासन ने न तो जनभावनाओं का सम्मान किया और न ही कानूनी प्रावधानों को गंभीरता से लिया है।

### हाईकोर्ट का स्पष्ट आदेश, 90 दिन में स्पीकिंग ऑर्डर का निर्देश

मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्च न्यायालय जबलपुर ने 28 अप्रैल 2025 को साफ निर्देश दिए थे कि याचिकाकर्ता के आवेदन पर 90 दिनों के भीतर कारणयुक्त और विधिसम्मत आदेश पारित किया जाए। इसका उद्देश्य यह था कि प्रशासन अपने निर्णय का कानूनी आधार स्पष्ट करे। लेकिन न्यायालय के इस आदेश को नगर पालिका ने कागजों में ही दबाकर रख दिया। न कोई सुनवाई हुई, न कोई आदेश पारित किया गया, जिससे न्यायालयीन निर्देशों की खुली अवहेलना सामने आई है।

### आदेश की अनदेखी, उल्टा कर दिया भवन का लोकार्पण

सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि न्यायालय के आदेश लंबित रहते हुए भी नगर पालिका ने नवनिर्मित भवन का लोकार्पण कर दिया है। यह कदम सीधे-सीधे न्यायालय के आदेशों की अवमानना माना जा रहा है। जिस मामले में निर्णय आना था, उसी को दरकिनार कर प्रशासन ने उद्घाटन समारोह आयोजित कर अपनी मनमानी दिखाई है। इस घटनाक्रम ने यह संकेत दे दिया कि नगर पालिका प्रशासन स्वयं को कानून से ऊपर समझने लगा है।

### अवमानना याचिका पर हाईकोर्ट सख्त, सीएमओ से मांगा जवाब

नगर पालिका की इस कार्यवाही से आहत होकर याचिकाकर्ता ने पुनः उच्च न्यायालय में अवमानना याचिका दायर की। सुनवाई के दौरान प्रस्तुत तथ्यों को गंभीरता से लेते हुए न्यायालय ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप कुमार झरिया को अवमानना नोटिस जारी किया है। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि आदेशों की अवहेलना को हल्के में नहीं लिया जाएगा और जवाबदेही तय की जाएगी।

### नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल, अगली सुनवाई पर टिकी निगाहें

इस पूरे मामले ने नगर पालिका अनूपपुर की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। क्या प्रशासन को न्यायालयीन आदेशों का भय नहीं है? क्या सार्वजनिक भूमि की सुरक्षा केवल कागजी दावे तक सीमित रह गई है? अब सभी की निगाहें आगामी सुनवाई पर टिकी हैं, जहां न्यायालय यह तय करेगा कि अवमानना के इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों पर क्या कार्रवाई होगी। यह प्रकरण प्रशासनिक जवाबदेही की एक बड़ी परीक्षा बन चुका है।




# रिजनल स्टोर हसदेव क्षेत्र बिजुरी में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज बिजुरी।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान द्वारा जिले में अपराधो में नियंत्रण एवं चोरी के प्रकरणो में त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। जिसके अनुपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम एवं एसडीओपी कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के निर्देशन में बिजुरी पुलिस के द्वारा रिजनल स्टोर बिजुरी मे चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया गया। 05 फरवरी को फरियादी सुरक्षा गार्ड पवन कुमार पिता स्व. मनफेर प्रसाद जायसवाल उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम निंगरी थाना निवास जिला सिंगरौली हाल एसईसीएल रिजनल स्टोर हसदेव क्षेत्र का थाना उपस्थित आकर एक किता लिखित आवेदनपत्र रिजनल स्टोर गोडाउन नं. 05 मे दिनांक 31 जनवरी 01 फरवरी के दरम्यानी रात को गोडाउन के अंदर रखे लकडी के बंडल में पेकिंग कापर केबिल के तार कीमत करीब 80000 रुपये को काटकर गोडाउन के खिड़की जाली को तोड़कर कोई अज्ञात चोर रात्री में गोडाउन में घूसकर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का कायम कर अनुंसधान मे लिया गया। दौरान विवेचना खुलासा हुआ कि आरोपी अरमान खटीक पिता सनोज खटीक उम्र 18 वर्ष निवासी मनेन्द्रगढ और उसके साथियों के द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है जिनमें से उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय जेएमएफसी न्यायालय कोतमा पेश किया गया। अन्य आरोपीयों की तलाश जारी है। 14 मीटर एसडीएल कापर केबिल तार कीमती 20000 रुपये। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक विकास सिंह, सउनि प्रभाकर पटेल, आर. लक्ष्मण डांगी, आर मनोजज उपाध्याय, आर. रवि सिंह की विशेष उल्लेखनीय भूमिका रही।

# पांच दिवसीय महाशिवरात्रि मेला के सभी व्यवस्थाएं हो चाक-चौबंद-कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



कलेक्टर हर्षल पंचोली ने नगर पालिका परिषद अमरकंटक में महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित होने वाले पांच दिवसीय मेले की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मेले के ले-आउट, पार्किंग व्यवस्था, फायर ब्रिगेड, कचरा वाहन, साफ-सफाई एवं कचरा निस्तारण, विद्युत कनेक्शन, पेयजल, मोबाइल टॉयलेट सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमरकंटक से प्राप्त की। इस दौरान कलेक्टर पंचोली ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेले में लगने वाली सभी दुकानों के विद्युत कनेक्शनों की जांच सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की संभावना न रहे। साथ ही उन्होंने नगर पालिका के अधिकारियों को सभी दुकानों का क्रमांक निर्धारण कर व्यवस्थित रूप से जांच एवं निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने दुकानों के आवेदन एवं आवंटन प्रक्रिया की जानकारी भी प्राप्त की। कलेक्टर पंचोली ने मेले में लगाए जाने वाले झूलों के संबंध में संबंधित इंजीनियर से फिटनेस जांच कर प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के निर्देश दिए, जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को अमरकंटक के सभी तालाबों, कपिलधारा, सोनमुड़ा, नर्मदा कुंड सहित अन्य प्रमुख स्थलों की साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं बेहतर बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर पंचोली ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि मेले तथा अमरकंटक क्षेत्र में रोस्टर के अनुसार पांच अलग-अलग डॉक्टरों की टीम एवं पांच एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने आयुष्मान कार्ड एवं आधार पंजीयन के लिए शिविर लगाने के भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने मेले में विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रदर्शनी लगाने तथा बीजापुरी आर्ट अमरकंटक की कोदो सहित अन्य स्थानीय उत्पादों को प्रदर्शनी के माध्यम से प्रोत्साहित एवं प्रेरित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मेले के दौरान यातायात व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पुलिस अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की तथा यातायात को सुचारु एवं सुरक्षित बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को भी मेले की व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पराजगढ़ वसीम अहमद भट्ट, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अल्का तिवारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमरकंटक चैन सिंह परस्ते सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अमरकंटक के जंगल में बाघिन की दस्तक, दहशत का माहौल

## वन विभाग ने सतर्कता बरतने के जारी किए निर्देश

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक



मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में मादा बाघिन की मौजूदगी से क्षेत्र में भय और सतर्कता का माहौल बन गया है। अमरकंटक वन परिक्षेत्र की अमरकंटक बीट अंतर्गत पीएफ कक्ष क्रमांक 235-236 के मध्य अमरकंटक-जालेश्वर-शहडोल मुख्य मार्ग के जंगलों में बीते कुछ दिनों से बाघिन देखे जाने की लगातार सूचनाएं सामने आ रही हैं, जिससे स्थानीय लोग और राहगीर दहशत में हैं।

### रात में सड़क पार करती दिखी बाघिन

गुरुवार 5 फरवरी की रात लगभग 8:30 बजे अमरकंटक-जालेश्वर मार्ग पर सड़क पार करती मादा बाघिन को प्रत्यक्षदर्शियों ने देखा। राजेंद्रग्राम निवासी गुप्ता परिवार ने वाहन रोककर बाघिन को सड़क किनारे लगी फेंसिंग तार पार करने का प्रयास करते हुए देखा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पहले प्रयास में बाघिन तार पार नहीं कर सकी, लेकिन कुछ देर बाद उसने छलांग लगाकर फेंसिंग पार की और दुर्गाधारा जंगल की ओर चली गई। इस दौरान बाघिन के आसपास एक सियार भी घूमता हुआ दिखाई दिया, जिससे लोगों में और भय व्याप्त हो गया।

### राहगीरों ने बनाया वीडियो, वन विभाग को दी सूचना

बाघिन के दिखने की सूचना तत्काल गुप्ता परिवार द्वारा नगर परिषद पार्षद देवानंद खत्री को दी गई, जिन्होंने बिना देरी किए वन परिक्षेत्राधिकारी को इसकी जानकारी दी। इसी दौरान पेंड्रा से अमरकंटक की ओर आ रहे एक शिक्षक दंपति ने भी अपनी कार रोककर बाघिन का वीडियो रिकॉर्ड किया। वाहन की हेडलाइट पड़ते ही बाघिन सड़क पार करने का प्रयास करती नजर आई। लगभग दो मिनट के वीडियो में बाघिन की गतिविधियां, आसपास घूमता सियार और उसकी आवाजें स्पष्ट रूप से सुनाई दे रही हैं, जो सोशल मीडिया पर भी चर्चा का विषय बनी हुई हैं।

### वन विभाग अलर्ट, रात में आवाजाही से बचने की अपील

वन परिक्षेत्र अधिकारी वीरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि यह मादा बाघिन संभवतः अचानकमार टाइगर रिजर्व से भटककर अमरकंटक क्षेत्र में पहुंची है। वन विभाग ने क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी है तथा मुनादी कराकर ग्रामीणों और यात्रियों को सतर्क किया जा रहा है। शुक्रवार सुबह निरीक्षण के दौरान पीएफ कक्ष क्रमांक 235-236 के मध्य बाघ के पैरों के निशान भी पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि अब तक बाघिन द्वारा किसी पशु का शिकार नहीं किया गया है, लेकिन एहतियातन नागरिकों से विशेष रूप से रात्रि के समय अनावश्यक आवागमन से बचने की अपील की गई है।

# आखिर गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने में हिन्दूवादी सरकार के सामने क्या है आंतरिक मजबूरी?- श्रीधर शर्मा



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** गौमाता की रक्षा और सम्मान के लिए स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने प्रण कर लिया है कि सरकारों को गौमाता की रक्षा सुनिश्चित करना होगा और गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा देकर सम्मानित करना होगा। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि गौमाता की रक्षा और सम्मान के लिए एक तो क्या, ऐसे कई जीवन समर्पित हैं। उक्तशय की जानकारी परम धर्म सांसद श्रीधर शर्मा ने देते हुए बताया कि स्वामी ने पूर्ण समर्पण भाव के साथ गौमाता की रक्षा और सम्मान के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित करने की बात कही है और वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल किया है कि गौमाता की निर्मम हत्या पर कब तक अंकुश लगाने के लिए प्रयास करेगी ये हिन्दूवादी सरकार? शर्मा ने वर्तमान में बुढ़ार क्षेत्र में गौ मांस के होटलों में पहुंचाए जाने के मामले में व्यथित भाव से कहा कि आखिर गौमाता की इस नृशंस हत्या पर सरकार कब कोई प्रभावी कदम उठाएगी? शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के शासन काल में नरेंद्र मोदी को गौवंश का दर्द स्वयं के सीने में महसूस हो रहा था, लेकिन सन 2014 से निरंतर देश के शीर्ष पद पर आसीन होने के बाद इतने लंबे कार्यकाल में नरेंद्र मोदी को गौवंश की हत्या पर अंकुश लगाने की सुध क्यों नहीं आई? वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सीने में महसूस होने वाला वह दर्द आज क्यों महसूस नहीं हो रहा है? देश की जिस जनता के समक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आकर बड़ी बड़ी बात करते हैं, आज वही जनता जानना चाहती है कि आखिर प्रधानमंत्री बनने के बाद कितने बूचड़खाने आपकी सरकार ने बंद कराए हैं? इस प्रकार से हजारों प्रश्न चिन्ह उठ रहे हैं आज की सरकार की कार्यशैली पर, जहां केवल आम जनता को धर्म जाति और गौवंश को मोहरा बना कर केवल ठगने का कार्य किया जा रहा है।

# संत दादा गुरु महाराज के सानिध्य में अमरकंटक में हिंदू सम्मेलन सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक के रामघाट तट पर गुरुवार 5 फरवरी को नर्मदा पुत्र परिक्रमावासी संत दादा गुरु महाराज के सानिध्य में विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में देश-प्रदेश से आए संतों, जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों एवं बड़ी संख्या में सनातन धर्मावलंबियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य (गुजरात) भरत सिंह परमार रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हिंदुस्तान का भविष्य उज्ज्वल है, किंतु आने वाले समय में चुनौतियाँ भी होंगी, जिनका सामना जाति-पात से ऊपर उठकर एकजुट होकर करना होगा। उन्होंने सनातन संस्कृति की रक्षा हेतु सर्वस्व समर्पण का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि विभाग प्रचारक शहडोल कमल प्रताप राठौर ने सनातन समाज को पाँच बिंदुओं पर आत्ममंथन करने का संदेश दिया। उन्होंने विशेष रूप से पर्यावरण संरक्षण पर बल देते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आग्रह किया तथा कहा कि राष्ट्र की पहचान उसकी संस्कृति, भाषा और ध्वज से होती है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक की श्रीमती मनीषा शर्मा ने संयुक्त परिवार और एकल परिवार की अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कुटुंब की वास्तविक परिभाषा को सरल शब्दों में समझाया। उन्होंने भारतीय पारिवारिक मूल्यों को सनातन संस्कृति की आधारशिला बताया। सम्मेलन में अंबिका तिवारी (पूर्व अध्यक्ष, अमरकंटक विकास प्राधिकरण), धनेश द्विवेदी (बंदे महाराज) पुजारी नर्मदा मंदिर, रंजीत सिंह नंदू, ओमप्रकाश अग्रवाल, दिनेश साहू सहित अन्य जन



विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। जिला भाजपा अध्यक्ष अनूपपुर हीरा सिंह श्याम, भाजपा नेता सिद्धार्थ सिंह सहित अनेक गणमान्यजन मंचासीन रहे।

अपने ओजस्वी उद्बोधन में परम तपस्वी संत दादा गुरु महाराज ने कहा कि भारत भूमि वह पावन धरा है जहाँ दिव्य शक्तियों का प्राकट्य हुआ है। गंगा और नर्मदा हमारे लिए मात्र नदियाँ नहीं, बल्कि प्रत्यक्ष भगवती शक्ति हैं। उन्होंने नर्मदा परिक्रमा को साधना और संस्कृति का जीवंत स्वरूप बताते हुए कहा कि यह परंपरा हमें अपनों के साथ जीना सिखाती है। कार्यक्रम का सफल संचालन मोनू तोमर ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन जिला भाजपा अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने किया। उन्होंने कबीर का दोहा "हरि को भजे सो हरि का होय, जाति-पात पूछे नहीं कोई" उद्धृत करते हुए सामाजिक समरसता का संदेश दिया। विराट हिंदू सम्मेलन धार्मिक, सांस्कृतिक और वैचारिक चेतना का सशक्त संगम बनकर अमरकंटक की पावन धरा पर एक ऐतिहासिक आयोजन के रूप में स्मरणीय रहा। उल्लेखनीय है कि मां नर्मदा के अनन्य भक्त नर्मदा पुत्र संत दादा गुरु महाराज के साथ हजारों श्रद्धालु परिक्रमा कर रहे हैं।

# गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन के लिए निर्धारित पंजीयन केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने एवं कठिनाईयों के निराकरण हेतु कलेक्ट्रेट भवन के कक्ष क्रमांक 95 (खाद्य विभाग) में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किया है। कंट्रोल रूम प्रभारी कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्रीमती अलका पटेल को बनाया गया है, जिनका मोबाईल नम्बर 9244554789 है। इनके सहयोग हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर खाद्य विभाग बसंत लाल पटेल की ड्यूटी लगाई गई है, जिनका मोबाईल नम्बर 6260592053 है। जिले में गेहूं उपार्जन संबंधित किसी प्रकार की समस्या होने पर उसका संबंधित अधिकारी निराकरण कराएंगे। प्रभारी अधिकारी शिकायत पंजी संधारित करेंगी, जिसमें दिनांकवार शिकायत एवं उसका निराकरण दर्ज करेंगी। प्रभारी अधिकारी राज्य स्तरीय कन्ट्रोल रूम भोपाल दूरभाष क्रमांक 0755-2551471 से समन्वय भी स्थापित रखेंगी। उक्त कन्ट्रोल रूम पूरे रबी पंजीयन एवं उपार्जन अवधि तक प्रभावशील रहेगा।

**आवश्यकता है**
हरिभूमि कार्यालय अनूपपुर में कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है हिंदी टायपिंग व समाचार बनाने का अनुभव आवश्यक है। अनुभवी व्यक्ति ही संपर्क करें।
संपर्क करे
मनोज शुक्ला-9425473230
आशीष द्विवेदी-9425472507

# प्रसादम योजना के अंतर्गत अमरकंटक निर्मित संरचनाओं की व्यवस्थाओं में करें सुधार-कलेक्टर

कलेक्टर ने नगर पालिका अधिकारी को दिए निर्देश

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने महाशिवरात्रि के अवसर पर अमरकंटक में आयोजित होने वाले मेले के निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमरकंटक को निर्देशित किया कि धार्मिक एवं पर्यटन नगरी अमरकंटक में प्रसादम् योजना के अंतर्गत निर्मित संरचनाओं की व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर एवं सुव्यवस्थित बनाया जाए। उन्होंने कहा कि अमरकंटक आने वाले पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं को बेहतर से बेहतर सुविधाओं का लाभ मिलना चाहिए। कलेक्टर ने यह भी कहा कि आगामी दिनों में वे स्वयं इन व्यवस्थाओं का पुनः निरीक्षण करेंगे। इस दौरान कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से रंग-बिरंगी आकर्षक लाइटिंग, साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इसी क्रम में उन्होंने अमरकंटक में निर्मित सस्पेंशन ब्रिज की लाइटिंग व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली तथा वहां की साफ-सफाई, ब्रिज के रख-रखाव एवं आवश्यक सुधार कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पराजगढ़ वसीम अहमद भट्ट, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमरकंटक चैन सिंह परस्ते सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

!! राधे-राधे !! !! श्री गणेशाय नमः !! !! राधे-राधे !!
श्री गुजरात ग्रेनाईट एंड टाइल्स
ग्रेनाईट एवं टाईल्स के थोक एवं फुटकर विक्रेता
हमारे यहां सभी प्रकार के टाईल्स, ग्रेनाईट- सांड्य Z ब्लैक, सुपर ब्लैक, आर ब्लैक इत्यादि एवं सेनेट्री, कड़प्पा उचित दामों पर उपलब्ध है।
प्रो. देवेन्द्र सिंह जी 7742294629, 7440984719, 7737330239